







# सेमरावल नदी के पुल की रेलिंग वर्षों से टूटी ,कभी भी हो सकता है हादसा

नवभारत न्यूज

**कोठी 7 दिसंबर, सतना - चित्रकूट मार्ग में कोठी के 3 किलोमीटर पहले पोंडी गांव में सेमरावल नदी के पुल के ऊपर बनी रेलिंग के टूटे होने का समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित किया है फिर भी पता नहीं विभागीय अधिकारी इसे बनाए जाने में क्यों दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।**



सेमरावल इस पुल की रेलिंग पिछले कई वर्षों से टूटी हैं और इसके नीचे कई वाहन भी जा चुके हैं वह तो गनीमत रही है कि अभी तक कोई जनहानि नहीं हुई परंतु अब ऐसा प्रतीत होने लगा है कि विभाग की जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़ी घटना के इंतजार में हैं क्योंकि ठंड का सीजन चल रहा है और ठंड बढ़ भी रही है और अब कोहरा भी बढ़ेगा रेलिंग सड़क के दोनों हिस्से की टूटी हुई है और कोठी से सतना की ओर जाने में यह पुल के पास मोड पड़ता है साथ ही कई पेड़ लगे हुए हैं जिससे दूर से साफ दिखाई नहीं देता है और पास आने में अचानक पुल की रेलिंग टूटी दिखती है रात में वाहनों की लाइट भी आंख में पड़ती है जिससे सामने दिखाई भी कम पड़ता है और दृश्यता भी कम रहती है वाहनों का साइड लेने में भी परेशानी होती है कई बार लोग बाग दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुके हैं और इस पुल की मरम्मत के साथ रेलिंग बनाए जाने के लिए अपनी आवाज भी समाचार पत्र के माध्यम से विभाग तक पहुंचा चुके हैं परंतु अब लगता ही नहीं है कि विभाग है यदि ऐसा होता तो विभागीय अधिकारी भी दिलचस्पी दिखाते क्योंकि निकलने को यहां से सभी निकलते हैं चाहे वह मंत्री हो सांसद हो विधायक हो कलेक्टर या जनप्रतिनिधि सभी गुजरते हैं क्योंकि यह जिला मुख्यालय से मात्र 17 किलोमीटर की दूरी पर पड़ता है और चित्रकूट नगरी के कामतानाथ पवित्र धाम जाने का मुख्य मार्ग है.

इस मार्ग से देश-विदेश सभी जगह के लोग निकलते हैं और ट्रैफिक भी काफी रहता है दिन के साथ-साथ रात में भी वाहन भी काफी संख्या में निकलते हैं और कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं पुल के पास जगह कम होने के वजह से दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है यदि समय रहते पुल की रेलिंग का कार्य कर सही ढंग से मरम्मत कर दिया जाए तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है क्षेत्रीय लोगों ने इसे तत्काल बनवाए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

पोंडी गांव के निवासी **आकाश सिंह** ने कहा कि स्कूल की रेलिंग पिछले कई सालों से टूटी हुई है धीरे-धीरे दोनों तरफ की रेलिंग और टूटती जा रही है और विभागीय अधिकारी बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं लगता है कि अब वह किसी बड़ी घटना के इंतजार में है क्योंकि कई बार पुल की टूटी हुई रेलिंग का समाचार समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। इसी गांव के निवासी **उमाशंकर पांडे** ने कहा कि पुल की रेलिंग ना बनाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं फिर भी आज तक कोई ध्यान नहीं दे रहा समय रहते यदि से बना दिया गया तो दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हो जाएगी दिन में तो ठीक रात में दुर्घटनाओं की संभावना अधिक हो जाती है ठंड के दिनों में कोहरा बढ़ जाता है कई बार तो हम स्वयं बचे हैं।



# जल संसाधन विभाग ने गेंहू की फसल मिट्टी में मिला दिया

▶ ना नोटिस दिया, ना सूचना, ना ही बोनी के समय रोका , 30 हजार कर्ज लेकर तैयार की थी किसान ने



नवभारत न्यूज

**नमझगवां 7 दिसंबर, ग्राम पंचायत पिंडरा में किसान रामखेलावन आदिवासी की लहलहाती गेहूं की फसल को जल संसाधन विभाग ने मिट्टी में मिला दिया।**

किसान ने कर्ज लेकर अपने बाल बच्चों को पालने के लिए गेहूं की फसल को बोनी किया था फसल लहलहाने लगी थी दो दिन में हरी भरी फसल को जल संसाधन विभाग ने मिट्टी में मिला दिया। किसान के मुताबिक बिना किसी नोटिस और सूचना के हमारी फसल में जेसीबी मशीन, और रोलर चलाया गया है। जब हम जुताई - बुबाई कर रहे थे तो विभाग हमें मना क्यों नहीं किया।

किसान ने बताया कि जब हम लहलहाती फसल में जेसीबी मशीन चलाने का विरोध किया तो हमें भरपाई देनी की बात कही गई थी लेकिन फिर भरपाई के नाम पर 2-2 हज़ार रुपए मात्र दिए गए हैं जबकि किसान ने उधार लेकर 25 से 30 हज़ार की लागत लगाने की बात कह रहा है जबकि किसानों ने जल संसाधन विभाग के जिम्मेदारों के सामने मिन्नतें भी की कि फसल कट जाने के बाद आप अपना काम शुरू करवा लीजिएगा लेकिन ये जिम्मेदार साहब बड़ी बड़ी हवेली में रहने वाले किसानों के टैक्स से मोटी-मोटी तन्खवाह पाने वाले साहबों को किसानों की कोई मिन्नतें स्वीकार नहीं की और जेसीबी मशीन चलाकर किसान की खड़ी फ़सल में जेसीबी मशीन चलाकर मिट्टी में मिला दिया।

# वेतन के मुद्दे पर शिक्षकों ने की डीईओ से चर्चा

नवभारत न्यूज

**नागौद 7 दिसंबर,जिला शिक्षा अधिकारी सतना से नागौद विकासखंड के सभी शिक्षकों के वेतन के संबंध में चर्चा की गई। नागौद के शिक्षकों का वेतन अभी तक खाता में नहीं आया।**

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा यह बोला गया कि हम प्रयास करते हैं कि सोमवार तक वेतन आप लोगों आ जाए। अगर सोमवार तक वेतन नहीं आया तो प्रतिनिधि मंडल पुनः जिला शिक्षा अधिकारी , कलेक्टर से मुलाकात कर वेतन की समस्या से अवगत कराएगे। मुख्य रुप से एनएमओपीएस जिला अध्यक्ष सतना बिमलेन्द्र सिंह परिहार, लालेन्द्र कुमार बागरी, कर्णदेव सिंह परिहार ,अरुण कुमार पयासी, सन्जीत रजक, विजय बहादुर सिंह बघेल ,मिथलेश कुमार पांडेय, जागेन्द्र सिंह परिहार, धर्मजीत सिंह मार्तण्ड सिंह, सूरजबली यादव, विजय लाल कोल, अनिल प्रजापति, भूपेंद्र पटेल, राजेश बागरी,संजय मंडल , सुभाष सिंह पुरेन्द्र सिंह, शतीस वर्मा, सत्यम गर्ग , रोहित पटेल, द्वारिका पटेल, ज्ञानेंद्र पांडेय, महेश शाहू, रामकिशोर पांडेय, उमेश मिश्रा, चन्द्रशेखर सोनी, दिग्विजय सिंह, मनीष सिंह, कमलेश सोनी, रामकुमार रमेश सोनी,बन्सपाल चौधरी, मथुरा सेन आदि उपस्थित रहे।

# सांसद खेल महोत्सव वालीबाल प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज

नवभारत न्यूज

**कोठी 7 दिसंबर, अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह खेल मैदान कोठी में आज सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। जिसमें वॉलीबॉल प्रतियोगिता के मैच खेले गये ।**

**समारोह की मुख्य आतिथ्य**

राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रहीं, सांसद गणेश सिंह ने अध्यक्षता की । नगर परिषद की अध्यक्ष सुखवंती बाई बुनकर एवं जनपद पंचायत सोहावल के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह महाराज के विशिष्ट अतिथि सहित नगर परिषद कोठी के सीएमओ संजय सिंह व परिषद के अन्य कर्मचारियों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण कर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ की घोषणा की गई । इस दौरान चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के 10 टीमों के खिलाड़ियों ने अपने-अपने मैच खेल कर अपना जौहर दिखाया। जिसमें सोनवर्षा, पगारकला, तिघरा, बांधी,महुला, मझगवां, हिरौंदी एवं चंदई की टीमों ने अपना-अपना मैच खेला सभी खिलाड़ी सांसद महोत्सव की किट पहनकर मैच में उतरे इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे आज राघव विधानसभा के टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे।



# ध्रुव एवं विदुर प्रसंग की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ तृतीय दिवस

नवभारत न्यूज

**नागौद 7 दिसंबर,अगोल मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथावाचक व्यास पीठ आचार्य जय राम जी महाराज जगतगुरु ललिताअंबा पीठ हरिद्वार ने सती ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया।**

महाराज जी ने कहा कि जब ध्रुव 5 साल की उम्र में भगवान को पा सकते है तो फिर हम कैसे पिछड सकते हैं अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने के लिए पहुंच जाते हैं कथा के दौरान सचित्र झांकियां भी प्रस्तुत की गई महाराज जी ने आगे विदुर प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुर जी की कुटिया में भोजन करने गए वहां केले के छिलका का भोग स्वीकारा इससे पहले दुर्योधन के महल में 56 भोग का त्याग कर आए थे भगवान तो प्रेम के भूखे हैं विदुर विदुरानी ने भगवान के प्रेम से भोजन कराया तो उन्होंने केले के छिलका को भी स्वीकार कर लिया आगे कथावाचक महाराज जी ने श्रद्धालुओं के समक्ष सृष्टि वर्णन के प्रसंग को विस्तार से सुनाया । मुख्य यजमान श्रीमती प्रभा यतेंद्र सिंह उपस्थित रहीं।



# जल संचयन का बोरीबंधान सस्ता और प्रभावी उपाय

## माई शारदा के धाम में सामुदायिक नेतृत्वकर्ताओं ने किया श्रमदान

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसम्बर, मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने समाज से जल सहेजने और संरक्षण करने का आह्वान किया है। जिसके तहत जन अभियान परिषद की प्रेरणा से प्रदेश में जारी जल संचयन अभियान के तहत मैहर विकासखंड में नवांकुर समिति वात्सल्य यूथ दा राइजिंग फाउंडेशन के संयोजन में जल संचयन अभियान प्रारंभ किया गया।**

अभियान के अंतर्गत जल संवाद एवं बोरीबंधान की गतिविधि आयोजित हुई। जिला समन्वयक डॉ राजेश तिवारी, विकासखंड समन्वयक प्रदीप तिवारी एवं नवांकुर संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, सचिव अजय गुप्ता, परामर्शदाता श्रीमती कल्पना सिंह, रोहित द्विवेदी, शिव कुमार पटेल सहित समाज के सीएमसीएलडीपी के छात्र उपस्थित रहे।

आयोजित जल संवाद में उपस्थित मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अध्यनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू छात्रों द्वारा जल संरक्षण विषय पर चर्चा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।।

कार्यक्रम के अंत में सभी द्वारा जल संरक्षण की शपथ ली गई एवं कार्यक्रम संपन्न किया गया।



### एसआईआर को लेकर एसडीएम ने ली राजनीतिक दलों की बैठक



एसआईआर के संबंध में एसडीएम जितेंद्र वर्मा एवं तहसीलदार प्रज्ञा दुबे की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों की मीटिंग हुई । जिसमें मुख्य रूप से शिव बालक लोधी उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी ,विनोद कुशवाहा स्टेट कोऑर्डिनेटर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग ,लतीफ खान अंजू मीडिया प्रभारी अध्यक्ष विधानसभा नागौद, पुलकित टंडन मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री कृष्ण द्विवेदी मंत्री जिला भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ कई जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में एसआई आर के संबंध मे विस्तृत चर्चा के साथ मीटिंग संपन्न हुई।

# भगवान भी मालिक नहीं है कोठी तहसील का अब

नवभारत न्यूज

**कोठी 7 दिसंबर, जब से कोठी तहसील का प्रभार कमलेश भदौरिया के हाथों से गया है तब से कोठी तहसील का मालिक कोई नहीं है और अब हालात ऐसे हो गए हैं कि लगता है कि अब यहां का मालिक भगवान भी नहीं है क्योंकि कोठी तहसील के वर्तमान प्रभारी सौरभ द्विवेदी हैं और वह अन्य तहसील में पदस्थ हैं जिसकी वजह से कोठी तहसील में वह बिल्कुल भी समय नहीं दे पाते हैं कभी कभार यदा कदा आ जाए तो वह बहुत बड़ी कोठी की किस्मत है।**




बड़ी समस्या यह है कि महीने में 30 दिन होते हैं और 30 घंटे भी तहसीलदार कोठी में मौजूद नहीं रहते हैं तो समझने वाली बात है कि क्या हाल होगा क्षेत्रीय लोग इस कदर परेशान हैं की तहसील कार्यालय आते हैं और चले जाते हैं उनका कुछ निराकरण ही नहीं होता है। तहसील कार्यालय में जो कर्मचारी मौजूद भी रहते हैं वह यह कहकर बात टाल देते हैं कि साहब ही नहीं है साहब का इंतजार करते-करते क्षेत्रीय जनता को सुबह से शाम हो जाती है परंतु वह मिलते ही नहीं और वह मायूस होकर वापस लौट जाते हैं जिससे क्षेत्रीय जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है कोठी तहसील कोठी सहित कोठी के आसपास के 50 से अधिक ग्रामों का राजस्व कार्यालय है। जिससे लोगों का आना-जाना स्वाभाविक है साथ ही सामान्य लोगों का भी रूटिंग का काम रहता है वह भी प्रभावित होता है.

### पौधरोपण कर बाबा साहब को याद किया

**रामनगर।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की याद में नव परिवर्तन जन कल्याण संस्थान के द्वारा अशोक का वृक्ष का पौधरोपण कर परिनिर्वाण दिवस के रूप में याद कर परम पूज्य बाबा साहब जी को सच्ची श्रद्धांजली अर्पित की.




# एडीएम व एसडीएम ने लिया डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 7 दिसंबर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार यादव व राजापुर उपजिलाधिकारी फूलचन्द्र यादव ने शनिवार को नगर पंचायत राजापुर के वार्ड नंबर छह रानी लक्ष्मी बाई नगर स्थित एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण व सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया।**

निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इस दौरान फटका मशीन का बेल्ट जाम पाया गया, जिसे सही कराने के लिए निर्देशित किया। प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय द्वारा कंपोस्टिंग वेस्ट का खाद टेस्टिंग के लिए लैब भेज कर उसका मानक के अनुरूप विक्रय कर निकाय की आय बढ़ाने के लिए बताया गया। साथ ही सेकेंडरी स्टोरेज के लिए जमीन चिन्हीकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार, टेक्निकल असिस्टेंट शिव विजय सिंह, सफाई नायक पुट्टी लाल, नाजिर आदि मौजूद रहे।

### भवानी प्रसाद ब्राडिया का निधन



**मैहर।** नर्मदा नहर परियोजना में से सेवानिवृत्त तथा प्रदेशभर में पहचाने जाने वाले कर्मचारी नेता श्री भवानी प्रसाद ब्राडिया का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही मैहर सहित पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। श्री ब्रडिया प्रदेश स्तरीय कर्मचारी यूनियन के प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं में से थे। कर्मचारी हितों की लड़ाई में उनका योगदान अविस्मरणीय माना जाता है। उनके अनुयायी प्रदेश के विभिन्न जिलों में फैले हुए हैं, जिन्होंने हमेशा उन्हें एक संघर्षशील, न्यायप्रिय और सहजस्वभावी नेतृत्वकर्ता के रूप में सम्मान देते है। स्थानीय समाजसेवियों, विभिन्न शासकीय विभागों के कर्मचारियों तथा वरिष्ठ नागरिकों ने ब्राडिया जी के फोटो पर पुष्पाजंलि अर्पित कर गहरी संवेदना व्यक्त की। सभी ने उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली को याद करते हुए कहा कि ब्रडिया जी का जाना न केवल कर्मचारी जगत के लिए, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र के लिए भी अपूरणीय क्षति है। परिजनों ने बताया कि अंतिम संस्कार प्रयाग जी मे सम्पूर्ण धार्मिक विधि-विधान के साथ किया गया। ब्रडिया जी के निधन पर नगर वासियों ने ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्राथना की है तथा शोक संतप्त परिवार को इस गहन दु:ख को सहन कर श्रद्धांजलि दी है।



# पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**कोठी 7 दिसंबर,** रैगांव विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा आज विधानसभा के बेला भटिया गांव के सरपंच सुदामा चौधरी के बड़े भाई के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर उनके निवास स्थान पहुंचकर मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. साथ ही परिजनों से मिलकर दुख की इस घड़ी में उन्हें साहस बधाया और ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा घर परिवार वालों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# नागौद में आज से शुरू होगा ऑल इंडिया टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट

## देशभर की नामी टीमें होंगी शामिल

नवभारत न्यूज

**नागौद 7 दिसंबर, श्री बरमेंद्र क्रिकेट क्लब नागौद के तत्वावधान स्वर्गीय श्री महाराज कांति देव सिंह जू देव स्मृति ऑल इंडिया लेदर बॉल टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ सोमवार, 8 दिसंबर 2025 को होने जा रहा है।**



नागौद नगर में लगातार 40 वर्षों से यह टूर्नामेंट आयोजित होता आ रहा है पर टर्फ में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट को लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की नामचीन टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें यूनिक स्पोर्ट्स दिल्ली, ङ्कङ्घष्ट नागपुर (महाराष्ट्र), सेंटर रेलवे बिलासपुर (छत्तीसगढ़), ङ्घष्टक्र जबलपुर, ऋश्वक्क लखनऊ (उ.प्र.), RCC कोटा (राजस्थान), ष्ठङ्क पाटिल मुंबई, जिंग जोंग पटना (बिहार), समृद्धि स्पोर्ट्स भोपाल, जैन स्पोर्ट्स जलगांव (महाराष्ट्र), मिनी स्पोर्ट्स इंदौर, कानपुर, झांसी तथा मेजबान बरमेंद्र क्रिकेट क्लब बरमेंद्र क्रिकेट क्लब नागौद के सचिव संतोष शर्मा ने समस्त खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है। मैच प्रतिदिन सुबह 10 बजे से प्रारंभ होंगे। इन मैचों का लाइव प्रसारण भी यू ट्यूब पर देखा जा सकता है।

### बिहरा क्र .1के उत्कर्ष सिंह कोस्ट गार्ड के अस्टिटेंट कमांडेंट पद पर चयनित

**कोटर 7 दिसंबर,** बिहरा क्र. 1 की पूर्व सरपंच श्रीमती सुधा सिंह व इंद्रलाल सिंह (उपयंत्री) के सुपुत्र उत्कर्ष सिंह का चयन अस्टिटेंट कमांडेंट इंडियन कोस्ट गार्ड केन्द्रीय सुरक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पद पर हुआ है।इससे परिवार और गांव का पूरे जिले में गौरव बढ़ा हैं। चयन होने होने पर परिवार हर्ष व्याप्त है परिवार के रामबालक सिंह (दादा जी), राजभान सिंह(पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कोटर), इंद्रभान सिंह, प्रवीण सिंह, रवीन सिंह, प्रगति सिंह, सौरभ सिंह (असम राइफल्स), गौरव सिंह एवं सृष्टि फ्यूल्स टिकुरी ने शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# बिना मुआवजा दिए हाईटेंशन लाइन की तार खींचने का विरोध

## 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग, टाउन हाल में सम्पन्न हुई किसानों की बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसंबर, भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में टाउन हॉल सतना में सम्पन्न हुई। इस दौरान विशिष्ट अथिति प्रदेश प्रवक्ता दयाशंकर द्विवेदी,मझगमा अध्यक्ष लाल बिहारी पाठक, दल प्रताप सिंह,अध्यक्ष प्रतिनिधि रावेन्द्र सिंह,सुमन सेन,पंकज पांडेय रहे। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से शामिल**

किसानों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को बताया। चर्चा में बताया कि रामपुर और कोटर क्षेत्र से बिना मुआवजा दिए पावरग्रिड कम्पनी द्वारा लाइन खींचने का कार्य चालू है। इसके अलावा लगभग सभी क्षेत्रों में बिजली की कटौती की समस्या प्रमुख रही किसानों ने खा की कम से कम 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ने उचेहरा उप कृषि उपज मंडी में अनाज और थोक सब्जी मंडी को संयुक्त कर स्वतंत्र मंडी घोषित करने के लिए सतना सांसद गणेश सिंह नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह से सहयोग के लिए आग्रह करने की बात कहीं। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि पावरग्रिड कम्पनी किसानों को मुआवजा दे अन्यथा काम रोक दिया जाएगा साथ ही क्षेत्रों में बनें हुए गरीबों के घरों के पट्टे एवं आवास बनाए जाने, के अलावा धान का सही उपार्जन तथा निगरानी समिति उचित मापदण्ड के आधार पर उपार्जन ,पंजीयन सत्यापन नहीं होने से स्लॉट बुकिंग में परेशानियां होने एवं आवारा जानवरों की व्याप्त समस्या पर वैकल्पिक व्यवस्था कराए जाने की बाते की गई है।बैठक में राजकली सिंह, रामजी शुक्ला,सुनीता सिंह,रामाधार सिंगरौल, गीता चौधरी,गनपत यादव सहित अन्य किसान शामिल रहे।

